ई-गवर्नेंस में बेहतर काम के लिए सम्मान

# 4 आइएएस को आइपैड, अन्य को मिलेगा स्मार्ट फोन

## 66 ई-मित्र संचालनकर्ताओं को मिलेंगे 10-10 हजार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. सरकार ई-गवर्नेंस में बेहतर काम करने वाले कलक्टर, विभिन्न विभागों के मुखिया, तहसीलदार, ब्लॉक लेवल अफसर, बीडीओ और ई-मित्र कियोस्क संचालकों को पुरस्कृत करेगी। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ने वर्ष 2019-20 और 2020-21 के ऐसे विजेताओं की सूची जारी कर दी है। इन्हें ए1, ए2 और बी1, बी2 श्रेणी में बांटा गया है। इसके अलावा ई-मित्र कियोस्क संचालनकर्ताओं की अलग श्रेणी रखी गई है। इन्हें श्रेणीवार पुरस्कार के रूप में आईपैड, स्मार्ट फोन, दस हजार रुपए नकद दिए जाएंगे। इसके अलावा सभी को प्रशस्ति पत्र भी देकर सम्मानित किया जाएगा।

### इन्हें मिलेगा आइपैड

- **ए1 श्रेणी-** आइएएस इंद्रजीत सिंह और आशीष मोदी
- **ए2 श्रेणी-** कृषि विभाग, कार्मिक विभाग, कॉलेज एजुकेशन के प्रशासनिक मुखिया

### इन्हें मिलेगा स्मार्ट फोन

- **बी1 श्रेणी-** नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर, मुख्यमंत्री कार्यालय, राजस्व विभाग, डीओआइटी मुख्यालय, डीओआइटी नागौर, कृषि विभाग में एक-एक और राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज में दो पुरस्कार।
- **बी2 श्रेणी-** डीओआइटी के राजस्थान हाईकोर्ट बेंच में पदस्थापित अफसर, डीओआइटी मुख्यालय को चार पुरस्कार, वन विभाग में एक।

राजस्थान पत्रिका, पे. नं. -03, 03.02.2022

FB

# दो कलक्टरों समेत 20 अफसरों को मिलेंगे ई-गवर्मेंट राजस्थान अवार्ड

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। प्रदेश के दो जिला कलक्टरों समेत 20 अफसरों को ई-गवर्मेंट राजस्थान अवार्ड दिया जाएगा। इनके नामों की घोषणा बुधवार को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ने कर दी। विभाग के अतिरिक्त निदेशक आरके शर्मा की जारी सूची के अनुसार जोधपुर के तत्कालीन जिला कलक्टर इन्द्रजीत सिंह को सेवा अभियान और जैसलमेर तत्कालीन जिला कलक्टर आशीष मोदी को ई-सजग मोबाइल एप के लिए अवार्ड दिया जाएगा। कृषि विभाग के आयुक्त ओम प्रकाश, कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव डॉ. रविन्द्र गोस्वामी और आईटी नोडल ऑफिसर सहायक प्रो. डॉ. संदीप कुमार को भी यह अवार्ड दिया जाएगा। एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक आईडी वरियानी, सीएमओ की आईटी सेल के प्रभारी राजेश सैनी, जैसलमेर के नायब तहसीलदार महेन्द्र खत्री, आईटी मुख्यालय के विशेष सहायक विजय प्रकाश, विशेष सहायक नागौर योगेश कुमार, एसीपी सुदर्शन सिंह देवड़ा, उप निदेशक शंकर साबू उप प्रबंधक विजय कुमार कानूनगो और कंसलटेंट दुष्यंत सोगरवाल को भी अवार्ड दिया जाएगा। प्रोग्रमर कौशल सिंघल, राजदीप पाल, सूर्यकांत गुप्ता, नटवर सिंह, भूपेन्द्र सिंधाल और पिकास कुमार गुप्ता भी ई-गवर्मेंट राजस्थान अवार्ड दिया जाएगा। प्रत्येक जिले से दो-दो ई-मित्र कियोस्क संचालक का भी चयन किया है, इनमें एक शहरी और ग्रामीण क्षेत्र का होगा।

दैनिक नवज्योति, पे. नं.-14, 03.02.2022